मेरी जिंदगी के मालिक

मेरी जिंदगी के मालिक
श्याम...
मेरे दाता मेरे रहबर
श्याम...
मेरी जिंदगी के मालिक
मेरे दाता मेरे रहबर
तेरी याद सताती है
रातो को जगाती है

तेरे बिन श्याम ना जीया जाये
जीया जाये...
मेरे दिल को भी अब ना चैन आये,

सांवरे बिन तेरे ना जीना है
जहर-ए-जुदाई अब ना पिना है
मुझे चरणों में तेरे रहना है
हाल-ए-दिल श्याम तुमसे कहना है
काश ऐसा हो के तु आ जाये
आ जाये..
मुझे अपने गले लगा जाये..

तेरे बिन श्याम ना जीया जाये
जीया जाये...
मुझे एक पल भी अब ना चैन आये

मुझे बस अब तेरी ही चाहत है
मेरे दिल की तो तु ही राहत है
बाबा तु ही मेरी इबादत है
मुझे तो सिर्फ तेरी आदत है
श्याम तेरे सिवा ना कुछ भाये
ना कुछ भाये...
जहां देखु तु ही नजर आये

तेरे बिन श्याम ना जीया जाये
जीया जाये...
मेरे दिल को भी अब ना चैन आये

है तमन्ना के खाटु में आऊ
तेरे दर का गुलाम बन जाऊ
दामन-ए-श्याम मे मैं छुप जाऊ
मैं किसी को भी नजर ना आऊ
मुझे उस पल ही मौत आ जाये

आ जाये...
मेरी रूह श्याम में समा जाये

तेरे बिन श्याम ना जीया जाये
जीया जाये...
मेरे दिल को भी अब ना चैन आये,

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/19655/title/meri-jindgi-ke-malik

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |